प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

गृह मंत्रालय ने 5 गैर सरकारी संगठनों का विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम के तहत लाइसेंस रद्द कर दिया है। विदेशी अंशदान के दुरुपयोग के मामलों में इनके लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। इन गैर सरकारी संगठनों में सीएनआई–साइनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस, वॉलेंट्री हेल्थ एशोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडो–ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, चर्च ऑग्जिलेरी फॉर सोशल एक्शन और इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।

****

राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक विभिन्न जिलों में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान अठहत्तर लाख रुपए से ज्यादा बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस द्वारा इसकी जांच करने के साथ आयकर विभाग को भी सूचना दी जा चुकी है। इस सिलसिले में जिनके पास से पचास हजार रुपए से ज्यादा नकद बरामद हुए हैं, उनसे उसके श्रोत की जानकारी मांगी जा रही है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों को नियंत्रित करने के अंतरराज्यीय सीमाओं और अंतर जिला स्थित चेकनाका पर चौबीस घंटे वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

****

भाजपा की प्रदेश इकाई ने सभी चौदह लोकसभा सीटों के अंतर्गत आने वाले इक्यासी विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव प्रभारी की घोषणा कर दी है। विधानसभा प्रभारी के रूप में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और पार्टी के वरीय नेता शामिल किए गए हैं।

****

आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बोकारो जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है।

****

रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में आज पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की जा रही है। वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा को लेकर ईडी ने 12 मार्च को विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में आज पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से पूछताछ की जा रही है। इससे पहले सीओ शशिभूषण से भी पूछताछ की गई थी। सीओ शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके पूरे परिवार के साथ अच्छा संबंध रहा है।

****

चतरा जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र में आज हेसातु विद्यालय के छात्रों ने जागरूकता अभियान चलाया। पिछले कुछ दिनों से महुआ चुनने के दौरान ग्रामीणों के द्वारा जंगल में अज्ञानतावश आग लगाया जा रहा है। छात्रों ने ग्रामीणों को जंगल में आग लगाने से जीवों और पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी दी।

****

जमशेदपुर के मानगो स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पैनल बोर्ड में आज सुबह आग लगने की वजह से पेयजलापूर्ति पर व्यापक असर पड़ा। हालांकि आग पर तुरन्त काबू पा लिया गया। जिस वजह से जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

****

जमशेदपुर, के सीतारामडेरा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इनके पास से तिरपन किलो गांजा और नकदी बरामद की है। पुलिस की गिरफ्त में आए सभी तस्कर बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

****

सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा बाजार में रामनवमी पूजा एवं दशमी पर भव्य शोभायात्रा यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। श्री श्री महावीर मंदिर कमेटी ने भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना कर इसकी तैयारी शुरू की। कमेटी के अध्यक्ष विनोद रजक ने बताया कि 1969 ई से भव्य शोभायात्रा जुलूस का आयोजन होते आया है। इस बार का शोभा यात्रा में महिलाओं की भी उपस्थिति रहेगी।

****** **समाप्त** ******